तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील मे जारी हुए
06.09.24	आज यह पत्रावली अभिभाषक वादीगण द्वारा प्रार्थना–पत्र पेश करने पर पेशी में ली गयी। प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया कि प्रकरण में पारित निर्णय दिनांक 28.06.2024 में पक्षकारान के नाम में टंकण शुद्धि की जावे। पत्रावली का अवलोकन किया। उभयपक्ष को सुना गया। प्रकरण में पारित निर्णय दिनांक 28.06.2024 में टंकणीय त्रुटि दुरूस्त किये जाने का निवेदन स्वीकार किया जाता है। उपरोक्त विवेचन के आधार पर प्रार्थना–पत्र प्रार्थी स्वीकार किया जाकर प्रकरण में पारित निर्णय दिनांक 20.06.2024 में वादी संख्या 1 का नाम मोहम्द के स्थान पर मोहम्मद जाफर, वादी संख्या 1/1 का नाम बिस्मिल के स्थान पर बिस्मिला, वादी संख्या 2 का नाम मोहम्मद रफी के स्थान पर मोहम्मद रफीक, प्रतिवादी संख्या 7 व 9 निवास कबिला के स्थान पर कर्बला, प्रतिवादी संख्या 10/3 का नाम जरीन के स्थान जरीना, प्रतिवादी संख्या 10/1 ता 10/6 पिसरान रमजान अली के स्थान पर मोहम्मद रफीक पुत्र रमजान अली, प्रतिवादी संख्या 17 का नाम अब्दलु के स्थान पर अब्दुल, प्रतिवादी संख्या 35 का नाम जीमल अहमद के स्थान पर जमिल अहमद, प्रतिवादी संख्या 38 का नाम रसीदा बानो रहमत बानो के स्थान पर रसीदा बानो पुत्र पुत्रियां स्व0 रहमत बानो पढ़े जाने का आदेश दिया जाता है तथा वादी संख्या 2 अब्दुल अजीज के स्थान पर वादी संख्या 2/2 अब्दुल अजीज पढ़ा जावे तथा 2/2 अब्दलु अजीज शून्य समझा जावे। शेष आदेश यथावत रहेगा। उक्त आदेश निर्णय दिनांक 20.06.2024 का अभिन्न अंग रहेगा। आदेश की प्रति पालनार्थ तहसीलदार (राजस्व), बीकानेर को प्रेषित की जावे। प्रकरण में कोई कार्यवाही शेष नहीं हैं। पत्रावली दाखिल दफ्तर हो। [signature] उपखण्ड अधिकारी बीकानेर उपखण्ड अधिकारी बीकानेर	